हमारे संस्करण :- भोपाल • इंदौर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • ग्वालियर • उज्जैन • सागर • होशंगाबाद • कटनी • रीवा • सतना एवं छत्तीसगढ़ रायपुर से प्रकाशित

भोपाल, मंगलवार
24.02.2026
वर्ष : 14 , अंक : 301
पृष्ठ : 08, मूल्य: ₹ 1.00
www.citytoday.co.in
mynews.citytoday@gmail.com

# सिटी टुडे™

बदलते भारत के साथ सच की आवाज



03 | अपनी सिटी

बड़े तालाब से अतिक्रमण-प्रदूषण हटाने सांसद शर्मा ने बुलाई बैठक

02



पुलिस टीम की मुस्तैदी के चलते नाबालिग बालक को चंद घंटों के भीतर सकुशल दस्तयाब कर मां के सुपुर्द किया

राजनीतिक | 05



विधानसभा: 15 हजार करोड़ से अधिक का अनुपूरक बजट पारित, मुख्य बजट पर चर्चा

6

विश्व कप के बाद पहले वनडे में भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया को फिर हराने पर ...



## विधानसभा : एमपी सरकार सरसों पर भी भावांतर देगी



# उड़द पर बोनस, दलहन उत्पादन बढ़ाने पर हमारा फोकस : सीएम यादव

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज छठवां दिन है। इस दौरान सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार ने सरसों पर भी भावांतर योजना लागू करने का फैसला लिया है, जिससे किसानों को न्यूनतम मूल्य का लाभ मिल सके और बाजार भाव कम होने की स्थिति में उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। सीएम ने ये भी कहा कि मूंग की बजाय उड़द के उत्पादन पर हमारा फोकस है इसीलिए बोनस देने का फैसला किया है। सरकार किसान को ऊर्जा दाता बनाने के लिए भी संकल्पित है।

कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायकों ने इंडिया-यूएस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के विरोध में विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ विधायक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे पहनकर विरोध जताते नजर आए।

## लाड़ली बहना के नए रजिस्ट्रेशन को लेकर हंगामा

लाड़ली बहना योजना के नए पंजीयन को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने सवाल उठाया कि योजना के तहत पात्र नई बहनों का पंजीयन कब शुरू होगा, इस बारे में सरकार कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रही है। इस पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि मंत्री तो सही जवाब दे रहे हैं, लेकिन पहले यह बताया जाए कि कांग्रेस नेता जीतू पटवारी बहनों से क्या कह रहे हैं? महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जो महिलाएं 60 वर्ष की आयु पूरी कर लेती हैं, उन्हें पात्रता के आधार पर अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नए पंजीयन की कोई समय सीमा अभी बताना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर कहा- मंत्री ने सही जवाब दिया है। कांग्रेस के लोग कहते थे कि यह योजना सिर्फ चुनाव तक है, जबकि असलियत यह है कि ढाई साल बाद भी यह योजना जारी है। हमने घोषणा पत्र में कहा है कि 5 साल के अंदर 3000 देंगे तो हम उसका पालन करेंगे।

# एआई समिट में प्रदर्शन के आरोपियों पर कार्रवाई

## टीशर्ट उतार प्रदर्शन में 3 कांग्रेस नेता हिरासत में, दिल्ली पुलिस ग्वालियर से उठा ले गई

**ग्वालियर/नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट में प्रदर्शन करने के आरोप में सोमवार को यूथ कांग्रेस के दो और नेताओं को ग्वालियर से पकड़ा है। इनके नाम राजा गुर्जर और अजय कुमार हैं। इससे पहले रविवार को यूथ कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव को भी ग्वालियर से हिरासत में लिया गया था। आरोप है कि इन नेताओं ने कार्यक्रम में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया था, जिसका वीडियो भी सामने आया था। इसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। दिल्ली (तिलक नगर थाना) पुलिस की टीम ग्वालियर आई थी। स्थानीय पुलिस की मदद से विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र और झांसी रोड थाना क्षेत्र से तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ के लिए तीनों को दिल्ली ले जाया गया है।




**प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए थे :** दरअसल, 20 फरवरी को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में युवक कांग्रेस ने अक समिट 2026 में भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के कई वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें 11 कार्यकर्ता हाथ में सफेद रंग की टी-शर्ट लिए हुए हैं। टी-शर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की फोटो लगी है। उस पर लिखा है- ढट इज कॉम्प्रोमाइज्ड। इन्हीं वीडियो के आधार पर दिल्ली पुलिस युवक कांग्रेस के नेताओं की पहचान कर कार्रवाई कर रही है।

**जितेंद्र के पिता बोले- घर में घुसे, बेटे को थप्पड़ मारे :** जितेंद्र यादव ग्वालियर के पटेल नगर सिटी सेंटर में जितेंद्र यादव रहता है। उनके पिता केशव यादव ने पूरा घटनाक्रम बताया। उन्होंने रोते हुए कहा- शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे हम सभी सो रहे थे। जितेंद्र भी अपने कमरे में था। केशव यादव के मुताबिक- अचानक परिसर के गेट पर किसी की आहट हुई। जब तक हम जागकर बाहर आए, कुछ लोग गेट खोले बिना ही अंदर आ चुके थे। उनमें से कुछ वर्दी में थे तो कुछ सादे कपड़ों में।

**जबरदस्ती कमरे में गए, थप्पड़ मारते हुए नीचे लाए :** केशव यादव ने बताया कि उन्होंने हमसे जितेंद्र के बारे में पूछा, फिर जबरदस्ती ऊपर उसके कमरे में चले गए। उसे थप्पड़ मारते हुए नीचे ले आए। हमने पूछा तो उनमें से कुछ लोगों ने खुद को यूनिवर्सिटी थाने से बताया तो कुछ लोगों ने क्राइम ब्रांच का स्टाफ होने की बात कही। वे जितेंद्र को सीएसपी लिखी दिल्ली के रजिस्ट्रेशन वाली स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाकर ले गए।

### हिमाचल के मंत्री बोले- चीन के कुत्ते को अपना बताकर फजीहत कराई

हिमाचल के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने हालिया अक समिट 2026 से जुड़े विवादों को लेकर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी के कारण पूरी दुनिया में हमारी फजीहत हुई है। नेगी ने कहा कि देश तब बदनाम हुआ जब चीन के कुत्ते को अपना बताकर पेश किया गया। आखिर कैसे चीन के कुत्ते को अपना बता दिया गया? इससे देश की छवि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय समिट में एक और मॉडल रबर बैंड लगाकर प्रस्तुत किया गया, 'हमारे तीसरी-चौथी कक्षा के बच्चे इससे बेहतर मॉडल बना देते हैं।

### भोपाल में आज ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन, शामिल होंगे राहुल गांधी

24 फरवरी को भोपाल में इंडो-यूएस ट्रेड डील के खिलाफ किसान महाचौपाल होगी। इस महाचौपाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। राहुल गांधी दोपहर 1 बजे भोपाल पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम होगा। राहुल से पहले भोपाल पहुचेंगे खरगे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भोपाल में राहुल गांधी से पहले पहुंचेंगे। एआईसीसी की ओर से एमपी कांग्रेस को दी गई जानकारी के मुताबिक मल्लिकार्जुन खरगे दोपहर करीब 12 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

#### बच्चों के यौन शोषण वाले आरोपों पर शंकराचार्य का जवाब

## अविमुक्तेश्वरानंद बोले : मैं भाग नहीं रहा हूं, सामना करूंगा



**प्रयागराज/वाराणसी ।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की FYIYRY होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा कि वे गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा-मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे उनके गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं है, जहां भाजपा सरकार नहीं है, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए।

एक महिला आज सुबह अविमुक्तेश्वरानंद का आशीर्वाद लेने पहुंची। वह शंकराचार्य पर लगे आरोपों से भावुक हो गई और फूट-फूटकर रोने लगी। शंकराचार्य ने उसे समझाया। कहा- रोना तब, जब गुरु गड़बड़ निकल जाए। रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची। वहां उस स्थान का निरीक्षण किया गया, जहां शंकराचार्य का शिविर लगा था। पुलिस ने शिविर के आने-जाने के रास्तों और आसपास के इलाके का नक्शा तैयार किया। दरअसल, 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी।

#### फाइटर जेट का ब्रेक फेल होने की खबरों पर एचएएल का दावा

## तेजस एयरक्राफ्ट क्रैश नहीं हुआ, मामूली खराबी थी

**नई दिल्ली ।** हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने सोमवार को इंडियन एयर फोर्स के फाइटर जेट तेजस के क्रैश की खबरों को गलत बताया है। एचएएल ने कहा है कि ग्राउंड पर एयरक्राफ्ट में मामूली तकनीकी गड़बड़ी हुई थी। हवा में ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ है। एचएएल ने बताया कि वह एयरफोर्स के साथ मिलकर तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रही है और उसे जल्द ठीक करेगी। कंपनी ने यह भी दावा किया कि तेजस का सेफ्टी रिकॉर्ड दुनिया के आधुनिक फाइटर जेट्स में सबसे बेहतर में से एक है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने रविवार देर रात सूत्रों के हवाले से दावा किया था कि 7 फरवरी को लैंडिंग के दौरान तेजस का ब्रेक फेल हो गया था। इसके कारण एयरक्राफ्ट रनवे से आगे निकल गया। हादसे से पहले पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। पीटीआई के मुताबिक, तेजस ट्रेनिंग उड़ान के बाद एयरबेस पर लौट रहा था। हालांकि, हादसा किस एयरबेस पर हुआ, ढळक ने इसकी जानकारी नहीं दी। तेजस को एचएएल ने डेवलप किया है।

## नेपाल-बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है। मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे। घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है।

#### भोजशाला; अरक सर्वे रिपोर्ट को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई

## एएसआई रिपोर्ट पर आपत्तियां-सुझाव मांगे

**इंदौर।** धार स्थित भोजशाला मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सभी वादियों और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट पर दो सप्ताह के भीतर अपनी आपत्तियां, सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि एएसआई की रिपोर्ट पहले ही खोली जा चुकी हैं और उसकी प्रतियां याचिकाकताओं को उपलब्ध करा दी गई हैं। ऐसे में रिपोर्ट को दोबारा कोर्ट के समक्ष अनसील करने की आवश्यकता नहीं है। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को निर्देशित किया कि वे एएसआई की 98 दिन तक चली वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट पर अपनी लिखित आपत्तियां और सुझाव अगली सुनवाई से पहले दाखिल करें। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से अधिवक्ता विनय जोशी ने कहा, कोर्ट के निदेशार्नुसार हम दो सप्ताह के भीतर एएसआई रिपोर्ट पर अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी। अब 16 मार्च को होने वाली सुनवाई में सभी पक्षों द्वारा दाखिल जवाबों पर विचार किया जाएगा, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही तय की जाएगी।




#### भोपाल में हाईप्रोफाइल पारिवारिक विवाद, पुलिस जांच जारी

# कांग्रेस नेता पर दहेज, मारपीट-धमकी के आरोप

**भोपाल ।** राजधानी भोपाल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंह चौहान के खिलाफ उनकी पत्नी शिखा सिंह द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत ने सियासी और प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। बैंक में प्रबंधक पद पर कार्यरत शिखा ने पति पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट, जान से मारने की धमकी और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**दो करोड़ रुपये और कार की मांग का आरोप :** शिखा सिंह का आरोप है कि उनके पति ने मायके से दो करोड़ रुपये और एक कार लाने का दबाव बनाया। मांग पूरी नहीं होने पर उनके साथ मारपीट की गई और 9 फरवरी को कथित रूप से घर से बाहर निकाल दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि घर के गेट पर ताला लगा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने यह भी कहा है कि उनके पति के पास लाइसेंसी हथियार हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर डर है। फिलहाल वह अलग रह रही हैं और उनका बेटा छात्रावास में रहता है। दोनों की यह दूसरी शादी है और विवाह को करीब 19 वर्ष हो चुके हैं। शिखा ने आरोप लगाया है कि उनकी पहली शादी एक आईएएस अधिकारी से हुई थी, जिसे कथित रूप से मौजूदा पति के दबाव में समाप्त करना पड़ा। इस दावे की भी जांच की जा रही है।

**महेंद्र सिंह बोले-साजिश और ब्लैकमेलिंग का दावा :** वहीं महेंद्र सिंह चौहान ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वैवाहिक संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण थे और उन्होंने पहले ही तलाक का नोटिस भेज दिया था। उनके अनुसार, यह मामला उसी के बाद दर्ज कराया गया। उन्होंने इसे छवि खराब करने और दबाव बनाने की कोशिश बताया है।